छोटीबड़ीबात

आज ही के दिन 1897 में नारी शिक्षा की प्रणेता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रसिद्ध कवियित्री सावित्री बाई फुले का निधन हुआ था।

क्यूआर कोड स्कैन कर पहुंचे दैनिक भास्कर पर

दैनिक भास्कर

देश का विश्वसनीय अखबार

नोएडा | वर्ष- 14, अंक- 262 | रविवार, 10 मार्च, 2024 | कुल पृष्ठ 20 | मूल्य 3.00 रुपये

एडीएसईआई और सीएआईटी अगले 5 वर्षों में डायरेक्ट सेलिंग की लखपति दीदियों को करोड़पति दीदी बनाने का संकल्प लें: केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। डायरेक्ट सेलिंग संस्था एसोसिएशन ऑफ डायरेक्ट सेलिंग एन्टिटीज ऑफ इंडिया एडीएसईआई, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स सीएआईटी और एफड़ीएसए द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर दिल्ली के इंदिरा गांधी एरिना में डायरेक्ट सेलिंग विराट महिला उद्यमी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोदी सरकार मे कैबिनेट मंत्री *स्मृति ईरानी और पीयूष गोयल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों मे डायरेक्ट सेलिंग व्यवसाय से जुड़ी तकरीबन 25 हजार से भी ज्यादा महिलाएं शामिल हुई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा की मोदी को यह बताना है कि डायरेक्ट सेलिंग में पूरे देश में 2 करोड़ महिलाएं शामिल है और यह वह फोर्स है वह ताकत है जिस पर आज तक किसी की नजर नहीं पड़ी,स्मृति ईरानी ने कहा की एडीएसईआई और सीएआईटी से मैंने कहा है की अगले 5 वर्षों में जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा तब डायरेक्ट सेलिंग की लखपति दीदियों को करोड़पति दीदी बनाना होगा। उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने कार्यक्रम मे उपस्थित लोगों कों सम्बोधित करते हुए कहा की आज इतनी तादाद मे महिलाओं कों एक साथ देखकर ये अनुभव हुआ है की कैसे डायरेक्ट सेलिंग ईमानदार तरीके से की जा सकती है।